लोक सभा अध्यक्ष ने श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को देश की नई राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई दी।

नई दिल्ली, 21 जुलाई, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को देश की नई राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई दी है।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा कि श्रीमति मुर्मू ने सदैव जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को वाणी दी है और आमजन की समस्याओं के समाधान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि उनके कुशल मार्गदर्शन में देशवासी नए भारत के निर्माण में अग्रणी योगदान देंगे।